राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 जनवरी। 74वें गणतंत्र दिवस पर गुरूवार, 26 जनवरी, 2023 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा प्रातः 8.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, पार्टी के विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, विभिन्न बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्षगण एवं उपाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

इसके पश्चात् श्री डोटासरा प्रातः 8.30 बजे जयपुर स्थित बड़ी चौपड़ पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के साथ शामिल होंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter